<u>एमसीएल में राजभाषा पखवाड़ा-2021 का समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह सोल्लास सम्पन्न</u>

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड में दिनांक **29.09.2021** को राजभाषा पखवाड़ा,**2021** का समापन समारोह अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री पी.के.सिन्हा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में श्री ओम प्रकाश सिंह, निदेशक (तकनीकी /संचालन), श्री केशव राव, निदेशक (कार्मिक), श्री बबन सिंह, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) तथा श्री पी.के. पटेल, मुख्य सतर्कता अधिकारी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इनके अतिरिक्त मुख्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारीगण कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

मंगलदीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। अध्यक्षीय संबोधन में श्री सिन्हा ने कहा कि हिंदी हमारे राष्ट्र की बिंदी है। हिंदी बड़ा ही सरल,सरस व प्रेम की भाषा है। हिंदी सुनते ही आत्मीयता का एहसास होता है तथा मन को सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि ग- क्षेत्र होते हुए भी यहॉ हिंदी का बेहतर विकास हो रहा है। हमें हर स्तर पर हिंदी का प्रयोग कार्यालयीन कार्यों में करना चाहिए ताकि देश में अधिक से अधिक हिंदी का प्रसार हो। हमलोग खनन उद्योग में कार्य करते हैं लिखते समय तकनीकी शब्दों के प्रयोग में दिक्कतें आती हैं, अत: क्यों नहीं एमसीएल एक तकनीकी शब्दों का शब्दकोश तैयार करें और लोगों को वितरित किया जाए ताकि तकनीकी शब्दों के प्रयोग आसान हो सके। इससे कोयला उद्योग में हिंदी शब्दों का प्रयोग बढ़ेगा। हिंदी के कठिन शब्दों के प्रयोग से बचना चाहिए। उन्होंने प्रतियोगिताओं के विजेताओं प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की।

श्री केशव राव, निदेशक (कार्मिक) ने अपने संबोधन में कहा कि राजभाषा पखवाड़ा मनाने का मूल उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना है। हिंदी देश की राजभाषा एवं बेहतर संपर्क भाषा है। उन्होंने दक्षिण भारत तथा साउथ अफ्रिका की एक घटना का जिक्र करते हुए हिंदी की प्रयोजनमूलकता पर प्रकाश डाले और कहा कि हिंदी आज देश के लिए जरूरत की भाषा बन चुकी है। हिंदी हमारी एकता की पहचान है, जो हमारे राष्ट्र को मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विकास के लिए हिंदी को व्यापार की भाषा बनानी होगी ताकि अधिक से अधिक लोग इसको प्रयोग में ला सके। हमारी संस्कृति के सॉफ्ट पावर के कारण भी हिंदी का प्रचार-प्रसार बढ़ा है। उन्होंने प्रतियोगिताओं के विजेताओं के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की।

श्री सौमेन घोष, महाप्रबंधक (राजभाषा) ने वहॉ उपस्थित अतिथियों/ प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि जो राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में बहुसंख्यक अधिकरी/कर्मचारीगण शामिल हुए हैं इससे साबित होता है कि लोगों में हिंदी के प्रति लगाव बढ़ा है।

इस दौरान एमसीएल राजभाषा कार्यान्वयन पुरस्कार, 2020-21 के लिए 06 चयनित क्षेत्रीय कार्यालयों एवं 06 मुख्यालय के चयनित विभागों को अध्यक्ष महोदय तथा निदेशकगण द्वारा विजेता शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

तत्पश्चात कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रों एवं मुख्यालय के कुल 08 कविगण- श्री कृष्ण मुरारी प्रसाद, श्री अनिल दास,श्री प्रकाश सोनी, श्री राजेश कर्डे, श्री मेवालाल पासवान, श्री चित्तरंजन नाहक, श्री एस के त्रिपाठी एवं सुश्री मुनमुन अग्रवाल ने अपनी काव्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।

समस्त कार्यक्रम राजभाषा विभाग के संचालन से सम्पन्न हुआ।

MCL
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर -768020
राजभाषा पखवाड़ा 2021
29 सितंबर, 2021

MCL

MCL
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

MCL
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

MCL